आया हूँ तेरे दर पे झोली मां मेरी भर दे

आया हूँ तेरे दर पे झोली मां मेरी भर दे,
सवाली हूं तेरे दर का मेरी भी बात तू सुन ले..........

हाले दिल तूने जाना है हँसता मुझ पे जमाना है,
मैं एक घायल परिंदा हूं दुनिया एक कैदखाना है,
खतायें माफ मेरी कर शरण में तू मुझे रख ले,
आया हूँ तेरे दर पे झोली माँ मेरी भर दे......

मैं तेरे दर्श का प्यासा हूं यही लाया अभिलाषा हूं,
झलक तेरी मैं पाने को मैं तेरे दर पर आया हूं,
संभालो अब मुझे माँ तुम मुझे दिल में जगह दे दे,
आया हूँ तेरे दर पे झोली माँ मेरी भर दे......

सवाली हूँ तेरे दर का मेरी भी बात तू सुन ले,
आया हूँ तेर पे झोली माँ मेरी भर दे.........

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/30615/title/aaya-hu-tere-dar-pe-jholi-maa-meri-bhar-de

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |